प्रकाशनार्थ

14 सितंबर 2025, गोरखपुर

आज गोरखपुर स्थित गुरुद्वारा परिसर में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो कि गुरुद्वारा के प्रमुख श्री जगनैन सिंह जी के पुत्र एवं पुत्री — तेज सिंह, वंश एवं वाणी — के जन्मदिवस के पावन अवसर पर आयोजित किया गया। इस पुण्य कार्य का आयोजन गोरखपुर गुरुद्वारा समिति एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।
इस अवसर पर श्री जगनैन सिंह जी ने कहा,"बच्चों के जन्मदिवस को केवल व्यक्तिगत उत्सव न बनाकर समाज के लिए कुछ सार्थक करने की यह एक छोटी सी कोशिश है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो न जात-पात देखता है, न धर्म। हम सबको मिलकर ऐसी पहल को प्रोत्साहित करना चाहिए।" गुरुद्वारा समिति के श्री जसपाल सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन पहले भी होते रहे हैं, और आगे भी समाज कल्याण हेतु गुरुद्वारा हमेशा तत्पर रहेगा।
ब्लड सेन्टर अधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने तेज, वंश एवं वाणी के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उन्होंने  उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ और दीर्घायु की कामना की। यह अवसर पूरे गुरुद्वारा समिति के लिए आनंद और उत्साह से भरा हुआ रहे।
कार्यक्रम में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं फल-स्नैक्स वितरित किए गए।
इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।